प्रेस नोट - थाना सदर बाजार
जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक- 13.11.2026

जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 1,01,500 रुपये की कूटरचित व 37,500 रुपये नकद असली करेंसी सहित 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम व गिरफ्तारी वांछित/वारन्टी अभियुक्त के क्रम में मिली बडी कामयाबी।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 13.11.2026 को जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम क्षेत्र में मामूर थी। तभी मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1 मो0 आकिल पुत्र नाजिर हुसैन, उम्र 32 वर्ष, नि0मो0 कुमारन, थाना नवाबगंज, जनपद बरेली 2 रीना पत्नी आकिल, उम्र 30 वर्ष, नि0मो0 कुमारन, थाना नवागंज, जनपद बरेली 3 सुहेल पुत्र नसीर अहमद, उम्र 20 वर्ष, नि0मो0 खुरमुनी, थाना पिहानी, जनपद हरदोई 4 इमरान पुत्र जामिल, उम्र 19 वर्ष, नि0मो0, लोहानी, थाना पिहानी, जनपद हरदोई 5 आशुतोष पुत्र राजकुमार, उम्र 21 वर्ष, नि0मो0 मिन्डापुरवा, थाना पिहानी, जनपद हरदोई को एनसीसी तिराहे के पास से समय 14.37 बजे 1,01,500 रुपये की कूटरचित करेंसी, 37,500 रुपये की असली करेंसी, एक प्रिन्टर, नकली करेंसी बनाने मे प्रयुक्त सफेद पेपर, एक कैंची व 05 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1 मो0 आकिल पुत्र नाजिर हुसैन, उम्र 32 वर्ष, नि0मो0 कुमारन, थाना नवाबगंज, जनपद बरेली ।
2 रीना पत्नी आकिल, उम्र 30 वर्ष, नि0मो0 कुमारन, थाना नवाबगंज, जनपद बरेली ।
3 सुहेल पुत्र नसीर अहमद, उम्र 20 वर्ष, नि0मो0 खुरमुनी, थाना पिहानी, जनपद हरदोई ।
4 इमरान पुत्र जामिल, उम्र 19 वर्ष, नि0मो0, लोहानी, थाना पिहानी, जनपद हरदोई ।
5 आशुतोष पुत्र राजकुमार, उम्र 21 वर्ष, नि0मो0 मिन्डापुरवा, थाना पिहानी, जनपद हरदोई ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 639/2026 धारा 178/179/180/181/318(4)/338/336(3)/340(2)/112 बीएनएस, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान

दिनांक 13.11.2026 को समय 14.37 बजे, एनसीसी तिराहे के पास से ।

बरामदगी का विवरणः-

1,01,500 रुपये की कूटरचित करेंसी
37,500 रुपये की असली करेंसी
एक प्रिन्टर
नकली करेंसी बनाने मे प्रयुक्त सफेद पेपर
एक कैंची व 05 मोबाइल

पूछताछ विवरण

अभियुक्त आकिल द्वारा बताया गया कि उसकी बहन सबीना पत्नी तहजीब की शादी कस्बा पिहानी जनपद हरदोई में हुई है वहां पर मेरी मुलाकात मेरी बहन के घर के पास में रहने वाले मुकर्रम उर्फ ठाकुर से हुई थी जिसने मुझे यह जानकारी दी कि उसका एक दोस्त इमरान है जिसको 35,000 रु0 देने पर वो 50,000 रु० दे देगा, जो कि नकली होंगे परंतु बिल्कुल असली जैसे ही लगेंगे जिनको आसानी से बाजार में चलाया जा सकता है। दिनांक 02.11.2026 को मैं किसी काम से दिल्ली गया था वहां पहुंचने के बाद मुकर्रम उर्फ ठाकुर के द्वारा मुझे कॉल करके बताया कि इमरान दिल्ली में ही है और 35,000 रु0 देकर 50,000 रु0 प्राप्त करने के लिये बताया। जिसके बाद मेरे द्वारा इमरान से कॉल पर बात करने के बाद सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के पास मुलाकात करके इमरान को 35,000रु0 देने पर मुझे नोटो की गड्डी छल्लों से बंधी हुयी दे दी। जिसे मैंने होटल में जाकर देखा तो वो सारे ही नकली नोट थे जिन पर मनोरंजन बैंक लिखा हुआ था। फिर मैंने इस बात की शिकायत इमरान से की तब इमरान ने मुझे पिहानी बुलाया और बताया कि हमारा एक दोस्त फोटोग्राफर है तथा उससे बात कर ली है वह नकली नोट छाप देगा नकली नोट के लिये कागज मुकर्रम बाजार से लाकर देगा और अन्य साथी को भी राजी कर लिया। मैनें इस काम में अपनी पत्नी को भी शामिल किया ताकि वह भी बाजार में छुट-पुट नोट चलाती रहे और किसी को जानकारी न मिले इसी लिये थोडी-थोडी मात्रा में नोट छापकर अपनी पत्नी को देता था। हम बरेली, शाहजहाँपुर आदि स्थानो पर थोडा-थोडा करके चला देती थी। लेकिन पिहानी में किसी को शक न हो तो हम लोग अब कुछ दिन के लिये प्रिटंर अपने साथ लेकर और कुछ नकली नोट छापकर उन्हे अपने साथ लेकर बरेली नवाबगंज जा रहे थे इसी दौरान अपने हमें पकड़ लिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

प्र0नि0 श्री राजीव कुमार
नि0 श्री प्रिन्स शर्मा प्रभारी एसओजी मय टीम
उ0नि0 श्री मोहनदेव शर्मा प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम
उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह
उ0नि0 श्री अक्षय पंवार
उ0नि0 सूरज सिंह
का0 अंकुर मलिक
का0 उज्जवल
का0 परिक्षित
का0 विमल
का0 आकाश
का0 मो0 आकिब
का0 शुभम
म0का0 मीनाक्षी
म0का0 सपना तोमर